<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1154

25 नवंबर, 2019 को उत्तर के लिए

इस्पात की डंपिंग

1154. श्री रवनीत सिंहः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) डंपिंग स्टील के रूप में पहचानी गई कंपनियां, जो घरेलू इस्पात निर्माताओं के लिए हानिकारक हैं, की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष-दर-वर्ष मंदी के परिणामस्वरूप इस्पात उद्योग को हुए नुकसान, यदि कोई हो, का ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में इन प्रतिस्पर्धा विरोधी प्रथाओं का मुकाबला करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाये जाने का विचार है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): इस्पात की डंपिंग स्वदेशी इस्पात निर्माताओं के लिए हानिकारक है और ऐसी कंपनियों का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ग): इस्पात उद्योग एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और देश में इस्पात मूल्य बाजार चालित है और वाणिज्यिक रूप से निर्धारित किए जाते हैं। तथापि, सरकार ने घरेलू इस्पात उद्योग को बचाने के लिए एंटी डंपिंग शुल्क, प्रतिकारी शुल्क और न्यूनतम आयात मूल्य जैसे विभिन्न व्यापारिक उपायों के माध्यम से कई पहल की है। सरकार ने व्यावसायिक उपायों के अलावा सरकारी एजेंसियों द्वारा स्वदेश में विनिर्मित लोहा और इस्पात उत्पादों को खरीदने के लिए स्वदेशी लोहा और इस्पात उत्पाद नीति तथा देश में घटिया इस्पात के आयात को रोकने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश भी जारी किए हैं।

****

(लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 1154 दिनांक 25.11.2019)

<u>अनुलग्नक-I</u>

स्वदेशी इस्पात विनिर्माताओं के लिए हानिकारक इस्पात डंपिंग में लिप्त कंपनियों का विवरण:

क्र. सं.	उत्पाद	शामिल (देशों) देश	लगाई गई शुल्क की राशि	शुल्क समाप्त होने की तिथि	भारत में इस्पात उत्पादों को डम्प करने वाले उत्पादकों/निर्यातकों का ब्यौरा	हानि से निर्धारित होने वाली क्षति पूर्ति की सीमा
1	304 ग्रेड के स्टेनलेस स्टील के हॉट रोल्ड फ्लैट उत्पाद	चीन पीआर, कोरिया आरपी, मलेशिया	180 से 316 प्रति एमटी अमरीकी डॉलर	04-06-2020	अधिसूचना सं. 14/30/2013-डीजीएडी दिनांक 09.03.2015	अधिसूचना सं. 14/30/2013-दिनांक 09.03.2015
2	स्टेनलेस स्टील के कोल्ड रोल्ड फ्लैट उत्पाद	चीन पीआर, जापान* कोरिया आरपी, यूरोपियन संघ, दक्षिण अफ्रीका, चीनी ताईपेई, थाईलैंड, यूएसए	उतराई तक की लागत का 4.58% से 57.39%	10-12-2020	अधिसूचना सं. 15/04/2014-डीजीएडी दिनांक 12.10.2015	अधिसूचना सं. 15/04/2014-डीजीएडी दिनांक 12.10.2015
3	सीमलेस ट्यूब्स और पाईप्स	चीन पीआर,	961 से 1610.67 प्रति एमटी अमेरिकी डॉलर और उतराई तक की लागत में अंतर	16-05-2021	अधिसूचना सं. 14/2/2015- डीजीएडी दिनांक 09.12.2016	अधिसूचना सं. 14/2/2015-डीजीएडी दिनांक 09.12.2016
4	अलॉय के हॉट रोल्ड उत्पादों और क्वायल्स में फ्लैट नॉन अलॉय स्टील	चीन पीआर, जापान, रूस, कोरिया आरपी, ब्राज़ील, इंडोनेशिया	478-561 प्रति एमटी अमेरिकी डॉलर और उतराई तक की लागत में अंतर	07-08-2021	अधिसूचना सं. 14/9/2016-डीजीएडी दिनांक 10.04.2017	अधिसूचना सं. 14/9/2016-डीजीएडी दिनांक 10.04.2017
5	सभी चौड़ाई और मोटाई वाले लोहा अथवा नॉन अलॉय स्टील के कोल्ड रोल्ड/कोल्ड रिड्यूज्ड फ्लैट स्टील उत्पाद	चीन पीआर, जापान, कोरिया आरपी और यूक्रेन	शून्य से 576 प्रति एमटी अमेरिकी डॉलर और उतराई तक की लागत में अंतर	16-08-2021	अधिसूचना सं. 14/12/2016- डीजीएडी दिनांक 10.04.2017	अधिसूचना सं. 14/12/2016-डीजीएडी दिनांक 10.04.2017

6	अलॉय अथवा नॉन अलॉय स्टील के वायर रॉड	चीन पीआर,	शून्य से 535-546 प्रति एमटी अमेरिकी डॉलर और उतराई तक की लागत में अंतर	08-10-2022	अधिसूचना सं. 14/17/2016-डीजीएडी दिनांक 30.08.2017	अधिसूचना सं. 14/17/2016-डीजीएडी दिनांक 30.08.2017
7	अलॉय और नॉन अलॉय स्टील के कलर कोटिड/प्रिपेंटेड फ्लैट उत्पाद	चीन पीआर,यूरोपियन संघ,	शून्य से 822 प्रति एमटी अमेरिकी डॉलर और उतराई तक की लागत में अंतर	16-10-2022	अधिसूचना सं. 14/28/2016-डीजीएडी दिनांक 30.08.2017	अधिसूचना सं. 14/28/2016-डीजीएडी दिनांक 30.08.2017
8	ग्राइंडिंग मीडिया बॉल्स	थाईलैंड, चीन पीआर	प्रति एमटी अमेरिकी डॉलर 187 - 387.36	12-07-2023	अधिसूचना सं. 14/34/2010 दिनांक 22.05.2012	
9	अलॉय अथवा नॉन अलॉय स्टील के स्ट्रेट लैंथ बार्स और रॉड	चीन पीआर,	प्रति एमटी अमेरिकी डॉलर 44.89 - 185.81 फोर्ज्ड बार और टूल एवं डाई स्टील (पीयूएस के दायरे से बाहर किए गए टूल और डाई स्टील के ग्रेड के अलावा अन्य) के आयातों पर एंटी डंम्पिंग ड्यूटी देय नहीं होगी, यदि उनकी उतराई तक की लागत 659.91/एमटी अमेरिकी डॉलर से अधिक हो। यदि फोर्ज्ड बार और टूल्स और डाई स्टील (पीयूएस के दायरे से बाहर किए गए टूल और डाई स्टील के ग्रेड के अलावा अन्य) की उतराई तक की लागत 659.91/एमटी अमेरिकी डालर से कम है तो उतराई की ऐसी लागत और 659.91/एमटी अमेरिकी डॉलर के बीच अंतर एंटी डंपिंग ड्यूटी के रूप में देय होगा।	17-10-2023	अधिसूचना सं. 6/10/2017-डीजीएडी दिनांक 05.09.2018	अधिसूचना सं. 6/10/2017-डीजीएडी दिनांक 05.09.2018
10	हाई स्पीड स्टील	चीन पीआर, ब्राज़ील, जर्मनी	प्रति एमटी अमेरिकी डॉलर 1902.34 से 3263.68	24-09-2024	अधिसूचना सं. 6/23/2018-डीजीएडी दिनांक 01.08.2019	अधिसूचना सं. 6/23/2018- डीजीएडी दिनांक 01.08.2019

(स्रोत:डीजीटीआर)

****